# भारत में वृद्ध जनों पर राष्ट्रीय नीति

हाल ही में **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** ने वरिष्ठ नागरिकों के लिये **एकीकृत कार्यक्रम** की एक केंद्रीय क्षेत्र योजना लागू की है।

## भारत में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण से संबंधित पहलें:

- **वृद्ध जनों पर राष्ट्रीय नीति:**
  - **वृद्ध जनों पर राष्ट्रीय नीति** की घोषणा वर्ष 1999 में वृद्ध जनों की भलाई सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने हेतु की गई थी।
  - **इस नीति में वृद्ध जनों की वित्तीय और खाद्य सुरक्षा** , स्वास्थ्य देखभाल, आश्रय और अन्य ज़रूरतों, विकास में समान हिस्सेदारी, दुर्व्यवहार और **शोषण के खिलाफ सुरक्षा** तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिये सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये राज्य के समर्थन की परिकल्पना की गई है।
- **राष्ट्रीय वयोश्री योजना (RVY):**
  - यह वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष द्वारा वित्तपोषित एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है।
  - यह योजना **BPL श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों** या **प्रतिमाह 15000 रुपए से कम आय वाले एवं कम दृष्टि, श्रवण अक्षमता, दाँतों की हानि तथा लोकोमोटर विकलांगता** जैसी उम्र से संबंधित अक्षमताओं से पीड़ित लोगों को सहायता और **सहायक जीवन उपकरण** प्रदान करती है।
- **एल्डरलाइन (Elderline):**
  - **वरिष्ठ नागरिकों के लिये राष्ट्रीय हेल्पलाइन (14567)-एल्डरलाइन** को वर्ष 2021 में वृद्ध जनों की शिकायतों को दूर करने के लिये मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया है।
    - इस संबंध में देश भर में हेल्पलाइन शुरू की गई है और **वरिष्ठ नागरिकों** को एक **टोल-फ्री नंबर के माध्यम से सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं।**
- **सीनियरकेयर एजिंग ग्रोथ इंजन (SAGE):**
  - यह वृद्ध जनों के कल्याण हेतु उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं को विकसित करने के लिये **नवीन स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2021 में शुरू की गई एक पहल है।**
    - इस पहल के तहत नवोन्मेषी स्टार्टअप की पहचान की जाती है और यह सुनिश्चित करते हुए प्रति परियोजना 1 करोड़ रुपए तक की **इक्विटी सहायता प्रदान की जाती है कि स्टार्टअप में कुल सरकारी इक्विटी 49% से अधिक न हो।**
- **अटल वयो अभ्युदय योजना:**
  - मंत्रालय ने **अटल वयो अभ्युदय योजना** के तहत अंतर-पीढ़ी बंधन को मज़बूत करने के लिये स्कूल/कॉलेज के छात्रों के साथ जागरूकता सृजन/ संवेदीकरण कार्यक्रमों को भी शामिल किया है।
    - इसका उद्देश्य उम्र बढ़ने की प्रक्रिया की बेहतर समझ के लिये व्यक्तियों, परिवारों और समूहों को **सूचना तथा शैक्षिक सामग्री प्रदान करना है।**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-policy-on-older-persons-in-india